# छह महीने में 1100 लोग हुए ब्लैकमेलिंग का शिकार

- लोन के नाम पर फैलाया साइबरों ठगों ने अपना जाल
- फर्जी लोन ऐप डाउनलोड करते ही मोबाइल की गैलरी और कॉन्टैक्ट तक पहुंच रहे साइबर ठग

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में ऑनलाइन लोन ऐप अब लोगों की आर्थिक जरूरत का नहीं, बल्कि साइबर ठगों की ब्लैकमेलिंग का बड़ा हथियार बनते जा रहे हैं. इस साल जनवरी से जून तक क्राइम ब्रांच को साइबर फ्रॉड की 5,500 से ज्यादा शिकायतें मिलीं, जिनमें करीब 1,100 मामले केवल ऑनलाइन लोन ऐप के जरिए ब्लैकमेलिंग के हैं, यानी हर पांचवीं शिकायत इसी तरह के अपराध से जुड़ी है. लगातार बढ़ते मामलों के बाद क्राइम ब्रांच को लोगों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी करनी पड़ी है.

साइबर ठग सोशल मीडिया और इंटरनेट पर तत्काल लोन देने का लालच देकर फर्जी ऐप डाउनलोड करवाते हैं. ऐप इंस्टॉल होते ही वह मोबाइल की गैलरी, कॉन्टैक्ट लिस्ट और अन्य निजी जानकारियों तक पहुंच हासिल कर लेते हैं. इसके बाद कुछ हजार रुपए के लोन के बदले कई गुना रकम की मांग शुरू कर दी जाती है. पैसे नहीं देने पर फोटो एडिट कर अश्लील बनाने, रिश्तेदारों और परिचितों को भेजने या सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर पीड़ितों से वसूली की जाती है.

## बदनामी के डर से पुलिस तक नहीं पहुंचते कई लोग




जांच में सामने आया है कि कई लोग बदनामी के डर से पुलिस तक पहुंचते ही नहीं हैं. ऐसे में वास्तविक पीड़ितों की संख्या दर्ज शिकायतों से कहीं अधिक होने की आशंका है. ऐसे मामलों में साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी अनजान लोन ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी वैधता की जांच करना जरूरी है. बढ़ती घटनाओं को देखते हुए क्राइम ब्रांच ने लोगों से अपील की है कि किसी भी ऐप से लोन लेने से पहले यह जरूर जांच लें कि वह भारतीय रिजर्व बैंक से अधिकृत संस्था से जुड़ा है या नहीं. इसके लिए आरबीआई की अधिकृत सूची देखी जा सकती है. यदि ऐप अधिकृत नहीं है तो उससे किसी भी स्थिति में लोन नहीं लेना चाहिए. साथ ही मोबाइल में अनावश्यक परमिशन देने से बचें और ब्लैकमेलिंग होने पर बिना घबराए तत्काल पुलिस को सूचना दें.

## जागरुकता ही सबसे बड़ा कवच है...

पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चलाती है फिर भी ऑनलाइन लोन ऐप के जरिए ब्लैकमेलिंग के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है. ऐसे मामलोंम जागरुकता ही सबसे बड़ा कवच है. लोग लोन लेने से पहले ऐप की वैधता जरूर जांचें. यदि कोई फोटो वायरल करने या बदनाम करने की धमकी देकर पैसे मांगता है तो रकम न भेजें और तुरंत पुलिस से संपर्क करें.

**राजेश दंडोतिया,**
एडीसीपी क्राईम

# प्रेम विवाह के दो महीने बाद युवक ने फांसी लगाई

- पति-पत्नी के बीच विवाद की बात आई सामने

**इंदौर. मल्हारगंज थाना क्षेत्र में दो महीने पहले प्रेम विवाह करने वाले 20 वर्षीय युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच विवाद की बात सामने आई है, वहीं परिजनों ने घटना पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.**



मृतक की पहचान राजू पुत्र भागीरथ वर्मा उम्र 20 साल निवासी हुजुरगंज के रूप में हुई है, शनिवार शाम उसने अपने घर में फांसी लगा ली. सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजू ने करीब दो महीने पहले प्रेम विवाह किया था. शादी के बाद वह पत्नी के साथ परिवार से अलग रह रहा था और एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था. जबकि मृतक के भाई कुणाल ने पुलिस को बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था. परिवार ने कई बार दोनों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ. उन्होंने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग की है. मामले में थाना प्रभारी निरज बिरथरे ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों सहित अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ की जा रही है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# कंपनी से निकले कंटेनर ने युवक को कुचला

- अलग-अलग 5 सड़क हादसों में तीन की मौत

**इंदौर. जिले में बारिश के बीच अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई. सबसे दर्दनाक हादसा खुड़ैल क्षेत्र में हुआ, जहां कंपनी से निकले एक कंटेनर ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया. वहीं दो अन्य हादसों में घायलों ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया.**



खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, 18 वर्षीय गणेश पिता देवकरण निवासी डकाच्या शुक्रवार सुबह अपनी चाय की दुकान पर जा रहा था. इसी दौरान बीएल कंपनी से निकल रहे गुजरात पासिंग कंटेनर ने सर्विस रोड पर उसकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर के बाद कंटेनर का पिछला पहिया युवक और बाइक के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के समय बारिश होने से सड़क पर अफरा तफरी मच गई. घटना के बाद चालक कंटेनर मौके पर छोड़कर फरार हो गया.

पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है. एक अन्य मामले में बागरी मोहल्ला निवासी आशीष सौलंकी देवगुराड़िया स्थित कचरा प्लांट के पास सड़क हादसे में गंभीर घायल हो गया था, एक राहगीर उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. उधर, देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ोली हौज निवासी नौ वर्षीय बसकन्या पिता शेषकरण भी कुछ दिन पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुई थी. उसे इलाज के लिए अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है.

# राजस्थान से एमडी की खेप लेकर इंदौर पहुंचे दो तस्कर धराए

- क्राइम ब्रांच ने 1.70 लाख की एमडी ड्रग्स की जब्त
- बाइक के टूल बॉक्स में छिपाकर लाई गई थी 17 ग्राम ड्रग्स

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नशे की खेप खपाने पहुंचे राजस्थान के दो अंतरराज्यीय तस्कर क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ गए. आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए बाइक के टूल बॉक्स में एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी. आरोपियों से 17 ग्राम एमडी और बाइक सहित करीब 2.10 लाख रुपए का माल जब्त किया है.**



क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से मादक पदार्थ लेकर शहर में आने वाले हैं. सूचना के आधार पर टीम ने नंदबाग क्षेत्र स्थित टीसीएस चौराहे पर निगरानी लगाई. संदिग्ध बाइक दिखाई देने पर उसे रोककर दोनों युवकों से पूछताछ की गई. जवाबों में विरोधाभास और घबराहट देखकर टीम ने बाइक की बारीकी से तलाशी ली. तलाशी के दौरान बाइक के टूल बॉक्स में प्लास्टिक पैकेट के अंदर छिपाकर रखी गई 17 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई.

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राजस्थान के झालावाड़ जिले के रहने वाले दीवान सिंह और लक्ष्मण सिंह बताया है. शुरुआती जांच में सामने आया कि दोनों राजस्थान से ड्रग्स की खेप लेकर इंदौर पहुंचे थे और शहर में इसकी सप्लाई के लिए ग्राहक तलाश रहे थे. पुलिस ने आरोपियों से करीब 1.70 लाख रुपए कीमत की एमडी ड्रग्स और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक जब्त की है. अब पुलिस आरोपियों से ड्रग्स के स्त्रोत, सप्लायर और इंदौर में उनके संपर्कों के बारे में पूछताछ कर रही है.

## आरोपियों के नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है...

सूचना के आधार पर कार्रवाई कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से 17 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद कर उनसे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है.

## एक नजर में

### वीकेंड पर महू के पिकनिक स्पॉट्स पर उमड़े सैलानी...

**महू.** मानसून की दस्तक के साथ ही पातालपानी का विश्व प्रसिद्ध झरना अपने पूरे शबाब पर आ गया है. वीकेंड पर चारों ओर फैली हरी-भरी वादियों और पहाड़ों के बीच से तेजी से गिरते झरने का विहंगम नजारा देखने लायक रहा. इस खूबसूरत प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने के लिए रविवार को इंदौर और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों सैलानी महू पहुंचे. पूरा नजारा हरियाली की चादर में लिपटा नजर आया, जिसे पर्यटकों ने अपने कैमरों में भी कैद किया. दिनभर पातालपानी में मस्ती करने के बाद शाम को जब पर्यटकों की गाड़ियां एक साथ इंदौर की ओर लौटने लगीं, तो महू-किशनगंज मार्ग पर ट्रैफिक का भारी दबाव बढ़ गया. इसके चलते महू के गुप्ता बेकरी से लेकर किशनगंज ब्रिज तक कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया. जाम की स्थिति इतनी विकराल थी कि किशनगंज ब्रिज पर वाहनों के पहिए पूरी तरह थम गए. सड़क के दोनों ओर चार पहिया वाहनों, बसों और दो पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. वीकेंड पर पातालपानी से लौटने वाले पर्यटकों और इंदौर-महू मार्ग के नियमित ट्रैफिक के एक साथ मिलने से राहगीरों को घंटों जाम में फंसकर भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

### खस्ताहाल सड़क से परेशान ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

महू. इंदौर जिले के बेटमा क्षेत्र में सड़क की बदहाली को लेकर ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया. लंबे समय से जर्जर स्थिति में पड़ी दौलताबाद से सेजवानी खानपुर, उत्तरसी, शिवगढ़ और केसुर तक जाने वाली मुख्य सड़क की मरम्मत न होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को सुबह बेटमा के दौलताबाद फाटे पर एकत्र होकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की. ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर स्थित क्रेशर मशीनों के कारण दिन-रात भारी-भरकम डम्परों का आवागमन होता है, जिसके चलते सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है. आलम यह है कि सड़क का नामोनिशान मिट चुका है और धूल व बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आम नागरिकों, स्कूली विद्यार्थियों, मरीजों और वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया है. ग्रामीणों के अनुसार, इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं. ग्रामीणों ने इस संबंध में थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन भी सौंपा था. प्रदर्शन के दौरान स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार नागेंद्र त्रिपाठी, नायब तहसीलदार महेंद्र गौड़ मौके पर पहुंचे. उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना. ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए और तत्काल प्रभाव से सड़क के गड्ढों को मुरम से भरवाने का आश्वासन दिया.

### गुर्जरखेड़ा पंचायत में विकास कार्य ठप, ग्रामीणों व पंचों ने लगाए गंभीर आरोप

**महू.** तहसील की ग्राम पंचायत गुर्जरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले सुतार खेड़ी में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं. मूलभूत सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. क्षेत्र में सड़क और पानी की विकराल समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है, लेकिन पंचायत प्रशासन इस ओर मूकदर्शक बना हुआ है. ग्रामीणों और पंचों ने बताया कि सुतार खेड़ी क्षेत्र में सड़क निर्माण न होने के कारण आवागमन पूरी तरह दुश्वार हो चुका है. वर्तमान में बारिश का मौसम शुरू होते ही पूरी सड़क कीचड़ के दलदल में तब्दील हो गई है. हालत यह है कि पैदल चलना भी दूभर है. ग्रामीणों का आरोप है कि पक्की सड़क नहीं होने की वजह से आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस या अन्य आवश्यक वाहन भी मोहल्ले तक नहीं आ पाते हैं, जिससे मरीजों और बुजुर्गों की जान पर बन आती है. एक तरफ जहां सुतार खेड़ी के लोग बदहाल रास्तों से जूझ रहे हैं, वहीं पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया हुआ है. ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत द्वारा पानी की कोई सुचारू व्यवस्था नहीं की गई है, भीषण गर्मी में तो लोग गंभीर संकट से जूझे, अब बारिश में भी लोगों को दूर-दराज से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है.

# 9.10 लाख में प्लॉट बेचकर कब्जा देने से मुकरा दंपती

- प्लॉट खरीदा, कब्जा नहीं मिला.
- छह माह बाद दर्ज हुआ केस

**इंदौर.** द्वारकापुरी थाना पुलिस ने प्लॉट बेचने के बाद कब्जा नहीं देने और खरीदार को धमकाने के मामले में पति पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. शिकायतकर्ता का आरोप है कि पूरी रकम लेने के बावजूद दंपती ने निर्माण कार्य रुकवा दिया.

वेंकटेश विहार निवासी राजेंद्र चौहान ने शिकायत में बताया कि उन्होंने दलाल प्रेम नारायण प्रजापति की मध्यस्थता से ग्राम सिरपुर स्थित गुरुशंकर नगर सेक्टर एफ में 600 वर्गफीट का प्लॉट मनोज तिवारी और उनकी पत्नी ऋतु तिवारी से 9.10 लाख रुपए में खरीदा था. 10 जनवरी 2024 को नोटरी के माध्यम से सौदा हुआ था और पूरी राशि गवाहों की मौजूदगी में अदा की गई थी, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी होने का दावा किया है. शिकायत में पुलिस को बताया गया कि 23 मार्च 2025 को जब राजेंद्र चौहान अपने भाई के साथ प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू कराने पहुंचे तो मनोज और ऋतु तिवारी वहां पहुंच गए. आरोप है कि दोनों ने निर्माण कार्य रुकवाते हुए गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी. थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**इंदौर.** क्षिप्रा थाना क्षेत्र में वीआरएल कंपनी के सामने सर्विस रोड पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. मृतक की पहचान ग्राम डकाच्या निवासी गणेश के रूप में हुई है. वह मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी ट्रक कंटेनर जीजे 19 वाई 3635 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में गणेश की मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# दो किलो से ज्यादा गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

- 50 हजार रुपए है जब्त किए गए गांजा की कीमत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. चंदन नगर पुलिस ने नशे के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. उसके कब्जे से 2.164 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए आंकी गई है. आरोपी दूसरे जिलों से कम कीमत पर गांजा लाकर शहर में छोटी छोटी पुड़िया बनाकर बेचता था.**



पुलिस टीम को गश्त के दौरान जगदीश पुरी मैदान के पास चाय की टपरी के समीप एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया. घेराबंदी कर तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ. गिरफ्तार आरोपी की पहचान 43 वर्षीय अनवर पिता राशिद खान निवासी चंदन नगर के रूप में हुई है. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे की लत और कर्ज के कारण इस धंधे से जुड़ा. वह बाहर से कम दाम में माल लाकर शहर में अधिक कीमत पर बेचकर मुनाफा कमाता था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. अब उससे मादक पदार्थ की सप्लाई करने वालों और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है. मामले में थाना प्रभारी तिलक कारोले ने बताया कि आरोपी से 2.164 किलोग्राम गांजा जब्त किया है. उससे पूछताछ में मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और उससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है.

# 8 जुलाई को नायब तहसीलदार का घेराव करेंगे किसान

- देवास के किसान भी होंगे प्रदर्शन में शामिल

**इंदौर.** बरलाई सहकारी शक्कर कारखाना अंशधारक किसान संघर्ष समिति ने 8 जुलाई को शिप्रा टप्पा मुख्यालय पर नायब तहसीलदार विकास रघुवंशी के घेराव का ऐलान किया है. समिति पदाधिकारियों ने आंदोलन को लेकर देवास जिले के किसान नेताओं के साथ बैठक कर समर्थन जुटाया. किसानों ने अधिकारियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया.



संघर्ष समिति के हंसराज मंडलोई और इंदौर दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष मोती सिंह पटेल ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 8 जुलाई को दोपहर 12 बजे शिप्रा टप्पा मुख्यालय पर नायब तहसीलदार विकास रघुवंशी का घेराव किया जाएगा. किसानों का आरोप है कि रघुवंशी ने हजारों किसानों की इंदौर कलेक्टर शिव वर्मा से मुलाकात कराने का वादा किया था, लेकिन उसे पूरा नहीं किया, जिससे किसानों में नाराजगी है.

बैठक में वरिष्ठ किसान नेता प्रेमनारायण मामा ने वादाखिलाफी को किसानों का अपमान बताया. वहीं देवास जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत चौहान ने 8 जुलाई के घेराव को पूरी ताकत से सफल बनाने का भरोसा दिलाया. बैठक में प्रदेश किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष सहित कई किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## स्टोर रूम से 7 हजार की मोटर ले उड़े चोर

**इंदौर.** बड़गोंदा पुलिस ने स्टोर रूम से डामर प्लांट की मोटर चोरी होने के मामले में तीन दिन बाद प्रकरण दर्ज किया है. चोर 7 हजार रुपए कीमत की पांच हॉर्स पावर की मोटर चुराकर फरार हो गए. ग्राम आशापुरा स्थित अनमोल रेस्टोरेंट के पास बने स्टोर रूम से एक से दोपहर के बीच किसी अज्ञात बदमाश ने डामर प्लांट में इस्तेमाल होने वाली क्राप्टेन कंपनी की पांच हॉर्स पावर की मोटर चोरी कर ली. बड़गोंदा थाना प्रभारी प्रकाश वासक्ले का कहना है कि फरियादी प्रदीप यादव की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

# युवक का शव मिला, सिर कुचलकर हत्या की आशंका

नव भारत न्यूज

**इंदौर. सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सीएचएमओ कार्यालय के पीछे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका मानकर जांच कर रही है.**

पालिका प्लाजा के पीछे मंदिर के ओटले पर करीब 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पड़ा होने की सूचना सुबह स्थानीय लोगों ने दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर किसी भारी पत्थर या अन्य ठोस वस्तु से वार किए जाने के निशान मिले हैं. पुलिस को आशंका है कि हत्या के बाद शव यहां लाकर फेंका है. हालांकि मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा. फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है. पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की जानकारी खंगाल रही है. साथ ही घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि मृतक की पहचान के साथ आरोपियों तक पहुंचा जा सके. शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है.

## एक नजर में

**कुलकर्णी का भट्टा में पार्षद समर्थकों का पानी की आपूर्ति सामान्य होने का दावा, जबकि रहवासियों के अनुसार जमीनी हकीकत कुछ और है**

# मानसून की जोरदार दस्तक के बावजूद शहर में पानी की किल्लत

**इंदौर. मानसून की जोरदार दस्तक के बावजूद शहर में पानी की किल्लत की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है. एक ओर वार्ड -24 (कुलकर्णी का भट्टा) के पार्षद समर्थक जलापूर्ति व्यवस्था को सामान्य बता रहे हैं, वहीं आम जनता की शिकायतें कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं.**



मिल क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-24 स्थित कुलकर्णी भट्टा पहुंचने पर नवभारत ने रहवासियों से पानी की किल्लत को लेकर बातचीत की तो पार्षद के कुछ समर्थकों ने क्षेत्र में जल संकट से इनकार करते हुए व्यवस्था को सामान्य बताया, वहीं क्षेत्र के भीतर जाकर रहवासियों से बातचीत की गई तो तस्वीर कुछ और ही सामने आई. पता चला कि नर्मदा का पानी रोजाना करीब 15 मिनट ही मिलता है, जिससे घरों की जरूरत पूरी नहीं हो पाती. मजबूरी में कई परिवारों को दूसरे स्थानों से पानी लाना पड़ रहा है. नगर निगम के पानी के टैंकर से कुछ राहत जरूर मिलती है, लेकिन उससे भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा. रहवासियों के अनुसार, बीती गर्मी में गहराया जल संकट मानसून के बाद भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है, जबकि कुलकर्णी भट्टा में बनी विशाल पानी की टंकी से इसी क्षेत्र के साथ आसपास के इलाकों में भी जलापूर्ति की जाती है.इसके बावजूद स्थानीय लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

## यह बोले रहवासी...



क्षेत्र में नगर निगम के पानी के टैंकर आते हैं, पानी की कुछ पूर्ति उससे हो जाती है और कुछ आसपास जाकर पानी लेकर आते हैं. इससे घर का काम चलता है.
- सुरेश गोमे



क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है. सरकारी बोरिंग हो या फिर नर्मदा की लाइन दोनों में पानी कम आता है, जिसकी वजह से पानी की पूर्ति नहीं होती.
- हीरालाल



जिनके बड़े परिवार हैं, उनके वहां पानी की पूर्ति बिल्कुल नहीं हो पाती. फिर आसपास से पानी लाओ, आधा घंटा भी नर्मदा नल चल जाएं तो भी बहुत बड़ी राहत मिल सकती है.
- गुलाब बाई